जिला स्तरीय परीक्षा

# विषय : गाय धर्म और विज्ञान

## महाविद्यालय स्तर

## सत्र 2025-26

## सेट– A

**प्रश्नों की संख्या : 100** **समय : 2 घंटे**

**अधिकतम अंक : 100**

---

**1. ब्रह्मा जी के मानस पुत्र प्रजापति दक्ष के मुख से प्रकट होने के कारण 'सुरभि' को किस संज्ञा से अलंकृत किया गया है?**
(a) अदिति (b) कामधेनु (c) ऋषभा (d) दक्ष–कन्या।

**2. ऋग्वेद के अनुसार, 'अघन्या' (वध न करने योग्य) विशेषण गाय के अतिरिक्त किन अन्य गुणों को रेखांकित करता है?**
(a) वह वन्दनीय और अखंडनीय है
(b) वह स्वर्ण प्रदाता है (c) वह केवल दुग्ध प्रदाता है
(d) वह वन की रक्षक है।

**3. अथर्ववेद के 'गौ–सूक्त' में गाय के 'ऊध' (Thana) को किसका निवास स्थान माना गया है?**
(a) जल का (b) पर्जन्य (इंद्र) का
(c) साक्षात् धर्म का (d) वायु का।

**4. पद्म पुराण की मान्यताओं के अनुसार गाय के खुरों के मध्य भाग में किनका निवास माना गया है?**
(a) पितरों का (b) गंधर्वों का
(c) नागों का (d) भगवान विष्णु का।

**5. भविष्य पुराण के अनुसार, गौ माता के दाहिनी आँख में किस देवता का अधिवास है?**
(a) चंद्रमा (b) अग्नि (c) वायु (d) सूर्य।

**6. सायणाचार्य के भाष्य के अनुसार, मनुष्य की वाणी (बोली) गाय द्वारा उच्चारित किस शब्द के प्रभाव से विकसित हुई?**
(a) हम्भा (b) म्हाँ (c) हूँ (d) रंभाना।

**7. ऋषि वामदेव गौतम के अनुसार, अग्नि, सूर्य और जल के समान ही पूजनीय और रक्षणीय वस्तु क्या है?**
(a) स्वर्ण (b) शस्त्र (c) गौवंश (d) भूमि।

**8. महाराज नृग को अनजाने में एक ही गाय का 'पुनः दान' करने के कारण किस जीव की योनि में जाना पड़ा था?**
(a) गिरगिट (b) साँप (c) चूहा (d) वानर।

**9. सत्यकाम जाबाल को 'अनन्त लक्षणात्मक' नामक ब्रह्म के द्वितीय पाद का उपदेश वन में किसने दिया था?**
(a) वृषभ ने (b) अग्नि ने
(c) मद्गु (जलमुर्ग) ने (d) हंस ने।

**10. महाराज दिलीप ने नंदिनी गौ की परीक्षा के समय सिंह के सामने अपनी रक्षा के बदले क्या अर्पित किया था?**
(a) अपना राज्य (b) अपना स्वर्ण
(c) अपना शरीर (d) अपनी सेना।

**11. पाण्डु पुत्र सहदेव (तन्तिपाल) के अनुसार, वे कितनी दूरी के भीतर स्थित गायों के भूत–भविष्य के लक्षण बताने में सक्षम थे?**
(a) पाँच योजन (b) दस योजन
(c) सौ योजन (d) बीस योजन।

**12. महाराज जनक को किस सूक्ष्म त्रुटि के कारण मृत्यु के पश्चात् यमराज के द्वार का दर्शन करना पड़ा था?**
(a) असत्य भाषण
(b) चरती गाय को डण्डे से मार्ग से हटाने के कारण
(c) चोरी का अपराध
(d) दान न देना।

**13. देवी लक्ष्मी ने गौ माता के शरीर के किस विशिष्ट भाग में निवास करना स्वीकार किया, जिसे 'परम पवित्र' माना गया है?**
(a) हृदय में (b) मस्तक में
(c) नेत्रों में (d) गोमय (गोबर) में।

**14. दशरथ जी के पुत्रेष्ठि यज्ञ में प्रकट अग्निदेव द्वारा प्रदत्त खीर का निर्माण किस विशिष्ट गौ के दुग्ध से हुआ था?**
(a) सुरभि (b) कामधेनु (c) सुभद्रा (b) नंदिनी।

**15. वनवास के दौरान नन्दिग्राम में निवास करते समय भरत जी ने अपनी इंद्रियों को शुद्ध रखने हेतु आहार में क्या लिया था?**
(a) केवल जंगली फल (b) केवल जल
(c) अन्न के साथ गौमूत्र (d) शहद।

**16. भगवान श्रीकृष्ण के समय नन्द बाबा के पास 'नौ लाख' गायें होने के कारण वे किस पदवी से सुशोभित थे?**
(a) महानन्द (b) गोपेश (c) नन्दराज (d) वृषभानु।

**17. श्रीकृष्ण ने गोकुलवासियों को कंस के विरुद्ध संघर्ष हेतु किस मुख्य 'गौ–आधारित' लीला के माध्यम से संगठित किया था?**
(a) कालिया मर्दन (b) गोवर्धन पूजा
(c) रासलीला (d) माखनचोरी।

**18. चीनी यात्री ह्वेनसांग के अनुसार, प्राचीन भारत में गौ–हत्या करने वाले के लिए क्या दंड निर्धारित था?**
(a) भारी जुर्माना (b) कारावास
(c) मृत्यु दंड या निर्वासन (d) केवल प्रायश्चित।

**19. भगवान ऋषभदेव (प्रथम जैन तीर्थंकर) का प्रतीक चिन्ह 'वृषभ' (बैल) किसका प्रथम क्रांतिकारी संदेश देता है?**
(a) युद्ध नीति का (d) कृषि एवं हल के उपयोग का
(c) शिल्प कला का (d) व्यापारिक मार्गों का।

**20. अमृतमहल (कर्नाटक) नस्ल के बैलों की वह कौन–सी विशेषता थी जो उन्हें ऐतिहासिक युद्धों में उपयोगी बनाती थी?**
(a) अत्यधिक दुग्ध उत्पादन (b) भारी वजन और सुस्ती
(c) मध्यम कद और अद्भुत फुर्तीलापन
(d) शांत स्वभाव।

**21. भारतीय पशु आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो (करनाल) में वर्तमान में कुल कितनी भारतीय गौ–नस्लें रजिस्टर्ड हैं?**
(a) 36 (b) 50 (c) 43 (d) 25.

**22. गिर गाय का ललाट (Forehead) किस विशिष्ट आकार का होता है, जो उसकी मुख्य नस्लीय पहचान है?**
(a) चपटा (b) उभरा हुआ या उत्तल
(c) अंदर की ओर धँसा हुआ (d) नुकीला।

**23. थारपारकर नस्ल की गायों का रंग अत्यधिक सूर्यताप और गर्मी के प्रभाव में कैसा हो जाता है?**
(a) गहरा काला (b) चितकबरा
(c) पूर्णतः सफेद (d) हल्का पीला।

**24. छत्तीसगढ़ की राजकीय पंजीकृत गौ नस्ल 'कोसली' को किस क्रम की भारतीय नस्ल के रूप में पहचान मिली है?**
(a) 10 वीं (b) 36 वीं (c) 43 वीं (d) 50 वीं।

**25. भारतीय देशी गौवंश (Bos Indicus) का 'ककुद' (Hump) सौर ऊर्जा से किस मूल्यवान तत्व के अवशोषण में सहायक है?**
(a) कैल्शियम (b) स्वर्ण क्षार (c) आयरन (d) मैग्नीशियम।

**26. देशी गाय और विदेशी गाय के गोबर में मुख्य 'भौतिक' अंतर पाठ्यपुस्तक के अनुसार क्या है?**
(a) देशी का पतला होता है (b) विदेशी का बँधा हुआ होता है
(c) देशी का गोबर बँधा हुआ, छल्लेदार और झिल्लीयुक्त होता है
(d) दोनों में कोई अंतर नहीं है।

**27. दूध में पाए जाने वाले किस प्रोटीन की शृंखला के 67 वें स्थान पर 'प्रोलाइन' होने से वह A2 दूध कहलाता है?**
(a) अल्फा–कैसीन (b) बीटा–कैसीन
(c) एल्ब्यूमिन (d) लैक्टोज।

**28. प्रोफेसर कीथ उडफोर्ड की पुस्तक 'The Devil in the Milk' के अनुसार A1 दूध में कौन–सा हानिकारक पेप्टाइड निकलता है?**
(a) BCM-1 (b) BCM-10 (c) BCM-7 (d) BCM-5.

**29. भैंस के दूध में 'ट्रांस फैटी एसिड' का प्रतिशत देशी गाय के दूध की तुलना में कितना अधिक पाया गया है?**
(a) दस गुना (b) दो गुना (c) पाँच गुना (d) आठ गुना।

**30. गाय के दूध में पाया जाने वाला 'Strontium' (स्ट्रोंटियम) तत्व मुख्य रूप से किसका शक्तिशाली प्रतिरोधक है?**
(a) जल अशुद्धि का (b) ध्वनि प्रदूषण का
(c) परमाणु विकिरण का (d) वायु प्रदूषण का।

**31. वेदों के अनुसार, सृष्टि के आरंभ में सर्वप्रथम उत्पन्न होने के कारण गाय को क्या संज्ञा दी गई है?**
(a) दुहिता (b) अग्रजा (c) अघन्या (d) गवेषणा।

**32. आयुर्वेद के अनुसार, 'काली गाय' का दूध विशेष रूप से किस शारीरिक दोष का शमन करने में श्रेष्ठ है?**
(a) पित्त दोष (b) कफ दोष (c) त्रिदोष (d) वात दोष।

**33. गाय के दूध में मौजूद 'कैरोटीन' मानव शरीर में पहुँचकर किस महत्वपूर्ण विटामिन में परिवर्तित होता है?**
(a) विटामिन सी (b) विटामिन ए
(c) विटामिन डी (d) विटामिन के।

**34. एक वर्ष में एक देशी गाय के गोबर से औसतन कितना किलोग्राम 'पोटाश' (Potash) प्राप्त किया जा सकता है?**
(a) 860 किलो (b) 1050 किलो
(c) 800 किलो (d) 17600 किलो।

**35. प्रयोगशाला परीक्षणों के आधार पर देशी गोमूत्र में कुल कितने प्रकार के महत्वपूर्ण रासायनिक तत्व पाए गए हैं?**
(a) 12 (b) 100 (c) 50 (d) 24.

**36. यज्ञ अनुष्ठान से पूर्व पंचगव्य का प्राशन यजमान के लिए क्यों अनिवार्य बताया गया है?**
(a) आंतरिक विषहरण और पाप उपशमन हेतु
(b) शारीरिक बल बढ़ाने हेतु (c) केवल परंपरा पालन हेतु
(d) भूख मिटाने हेतु।

**37. यज्ञ में देशी घी की आहुति देने से वायुमंडल में किस महत्वपूर्ण गैस परत का शोधन/निर्माण होता है?**
(a) ऑक्सीजन परत
(b) ओजोन परत (Ozone Layer)
(c) नाइट्रोजन परत (d) कार्बन परत।

**38. तक्रासव (छाछ आधारित औषधि) मुख्य रूप से किस अंग के रोगों की अचूक और प्राचीन औषधि है ?**
(a) श्वसन तंत्र (b) हृदय
(c) पाचन तंत्र (आँतें और पेट) (d) उत्सर्जन तंत्र।

**39. आधुनिक टूथपेस्ट में प्रयुक्त वह कौन–सा प्रमुख हानिकारक तत्व है जो मसूड़ों और हड्डियों को क्षति पहुँचाता है?**
(a) केवल शक्कर (b) फ्लोराइड और SLS
(c) नीम तेल (d) गोंद।

**40. गोबर से निर्मित 'गोमय पॉट' (गमले) में गोबर का आदर्श प्रतिशत कितना रखा जाता है?**
(a) 90% (b) 50% (c) 80% (d) 20%.

**41. पंचगव्य नस्य घृत का निर्माण किस विशेष नक्षत्र में करना आयुर्वेद में सर्वाधिक फलदायी माना गया है?**
(a) रोहिणी नक्षत्र (b) पुष्य नक्षत्र
(c) अश्विनी नक्षत्र (d) रेवती नक्षत्र।

**42. गोबर के कण्डे को जलाकर 'भस्म' बनाने पर उसमें प्राणवायु (Oxygen) की मात्रा बढ़कर कितनी हो जाती है?**
(a) 21% (b) 27% (c) 46.6% (d) 10%.

**43. रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2050 तक वैश्विक स्तर पर शहरी क्षेत्रों में रहने वाली संभावित जनसंख्या कितनी है?**
(a) 6 अरब से अधिक (b) 2 अरब
(c) 10 अरब (d) 3.5 अरब।

**44. छत पर शाक वाटिका (Terrace Garden) निर्माण का घर के आंतरिक तापमान पर क्या सकारात्मक प्रभाव पड़ता है?**
(a) घर ठंडा रहता है (b) घर गर्म हो जाता है
(c) नमी बढ़ती है (d) कोई प्रभाव नहीं पड़ता।

**45. ICAR (2022) के अध्ययन में गोमूत्र आधारित औषधियों के कितने प्रतिशत नमूनों में 'कैंसर रोधी' प्रभाव पाया गया?**
(a) 50% (b) 71% (c) 62% (d) 49%.

**46. पंचगव्य आधारित औषधियों के नियमित उपयोगकर्ताओं में रोग–प्रतिरोधक क्षमता औसतन कितनी पाई गई?**
(a) 49% (b) 100% (c) 74% (d) 25%.

**47. भारत में गो–आधारित उत्पादों के बाजार में प्रतिवर्ष औसतन कितने प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हो रही है?**
(a) 17% (b) 25% (c) 10% (d) 5%.

**48. आयुर्वेद के अनुसार पंचगव्य को जीवनी शक्तियों में किस श्रेणी का महानतम पदार्थ माना गया है?**
(a) परम पवित्र रसायन (b) साधारण आहार
(c) गरिष्ठ भोजन (d) विषैला तत्व।

**49. 'अन्नमय कोष' के पंचगव्य द्वारा जागरण से शरीर में किस मुख्य शक्ति की अभिवृद्धि होती है?**
(a) आयु बल (b) काल्पनिक शक्ति
(c) भूख, प्यास और पाचन शक्ति(d) आध्यात्मिक तेज।

**50. पंचकोष जागरण के अंतर्गत 'आनंदमय कोष' के जागरण का सबसे प्रमुख आध्यात्मिक/स्वास्थ्य लाभ क्या है?**
(a) आयु बल बढ़ना (b) काल्पनिक शक्ति विकास
(c) स्मरण शक्ति बढ़ना (d) रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ना।

**51. चीनी यात्री फाह्यान ने अपने यात्रा विवरणों में भारत के समाज और गौवंश पर किस कालखंड में प्रकाश डाला?**
(a) 399-414 ईस्वी (b) 627-643 ईस्वी
(c) 1018 ईस्वी (d) 2305 ईसा पूर्व।

**52. प्राचीन काल में महाराज जनक ने याज्ञवल्क्य ऋषि को पुरोहित बनाकर कुल कितनी गायें दान में दी थीं?**
(a) 1,000 (b) 10,000 (c) 5,000 (d) 500.

**53. राजा ऋतम्भर ने संतान प्राप्ति और आध्यात्मिक शांति हेतु किस मुनि की आज्ञा से गो–सेवा व्रत लिया था?**
(a) विश्वामित्र मुनि (b) जाबालि मुनि
(c) वशिष्ठ मुनि (d) गौतम मुनि।

**54. रामराज्य की सम्पूर्ण अवधारणा का मूल आधार किसे माना गया है, जो राष्ट्र को आत्मनिर्भर बनाता है?**
(a) केवल युद्ध कौशल (b) मशीनीकरण
(c) विदेशी व्यापार (d) गौवंश और कृषि।

**55. श्रीराम अवतार के प्रमुख कारणों में से एक 'गौ–हित' के साथ–साथ किनका विनाश करना शामिल था?**
(a) गौघाती आतताई असुरों का (b) वनों का
(c) प्रजा का (c) पर्वतों का।

**56. भरत जी ने नन्दिग्राम में प्रवास के दौरान 14 वर्षों तक आध्यात्मिक उन्नति हेतु आहार में क्या ग्रहण किया?**
(a) केवल शहद (b) अन्न के साथ गौमूत्र
(c) केवल जल (d) जंगली फल।

**57. मिट्टी के सूक्ष्म जीवाणुओं को बढ़ाने और भूमि को सजीव रखने का मुख्य जैविक स्रोत क्या है?**
(a) रासायनिक यूरिया (b) कीटनाशक स्प्रे
(c) मशीनी जुताई (d) जीवामृत और गोबर खाद।

**58. किस देश के वैज्ञानिकों ने गाय के गोबर के लेप को परमाणु विकिरण (Radiation) रोकने में अत्यंत प्रभावी माना है?**
(a) रूस (b) अमेरिका (c) जापान (d) जर्मनी।

**59. गोबर खाद के प्रयोग से खेती में सिंचाई की आवश्यकता पर क्या महत्वपूर्ण वैज्ञानिक प्रभाव पड़ता है?**
(a) पानी कम लगाना पड़ता है (b) पानी अधिक लगता है
(c) कोई प्रभाव नहीं पड़ता
(d) सिंचाई की आवश्यकता समाप्त हो जाती है।

**60. 'जीवामृत प्रकार–2' तैयार करने के लिए दही के साथ किस फल का मिश्रण किया जाता है?**
(a) केवल आम (b) अमरूद
(c) पका हुआ केला (d) सेब।

**61. भूजल दोहन की रिपोर्ट (2022) के अनुसार, किस भारतीय राज्य में दोहन का स्तर 134.14% तक पहुँच गया है?**
(a) हरियाणा (b) राजस्थान (c) दिल्ली (d) पंजाब।

**62. जीवामृत निर्माण में 'बेसन' (दाल का आटा) मिलाने का मुख्य वैज्ञानिक उद्देश्य क्या है?**
(a) रंग बदलना
(b) सूक्ष्मजीवों के पोषण और संख्या वृद्धि हेतु
(c) खुशबू बढ़ाना
(d) घोल को गाढ़ा करना।

**63. मृत गौवंश के सम्मानजनक निपटान और उच्च गुणवत्ता वाली जैविक खाद प्राप्त करने की सर्वोत्तम विधि क्या है?**
(a) समाधि खाद बनाना (b) नदी में प्रवाहित करना
(c) खुले में छोड़ना (d) जलाना।

**64. केंचुआ मिट्टी को किस प्रकार उपजाऊ और सजीव बनाने में सहायता करता है?**
(a) मिट्टी को कठोर बनाकर (b) फसल को खाकर
(c) मिट्टी को पोली और छिद्रयुक्त बनाकर
(d) पानी को सोखकर।

**65. गौ–रक्षा संकल्पों के अनुसार 'पैरा' (चारे) के साथ कौन–सा कृत्य पूर्णतः वर्जित है?**
(a) उसका संग्रहण (b) उसकी कटाई
(c) उसमें आग लगाना (d) उसे भिगोना।

**66. गौवंश आधारित 'पंच परिवर्तन' का अंतिम और महानतम ध्येय क्या निर्धारित किया गया है?**
(a) केवल निर्यात बढ़ाना
(b) मशीनीकरण को बढ़ावा देना
(c) स्वावलंबी और सम्पन्न भारत का निर्माण
(d) शहरों का विस्तार।

**67. छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा संचालित 'पीएम जनमन योजना' में कितने जनजातीय परिवार लाभान्वित हुए हैं?**
(a) 10 हजार (b) 1 लाख (c) 59 हजार (d) 5 हजार।

**68. 'धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान' के तहत छत्तीसगढ़ के कुल कितने ग्रामों को लाभान्वित किया जा रहा है?**
(a) 1,000 (b) 500 (c) 6,691 (d) 10,000.

**69. गौ विज्ञान परीक्षा के संदर्भ में 'कुटुम्ब' के निरोगी भविष्य हेतु पहला नागरिक संकल्प क्या होना चाहिए?**
(a) नया घर बनाना (b) विदेश जाना
(c) घर में गौपालन या गौशाला में गाय गोद लेना
(d) नई गाड़ी खरीदना।

**70. बीमारी फैलाने वाले किन पशुओं को अपने से दूर रखने का संकल्प पाठ्यपुस्तक में दिया गया है?**
(a) जर्सी, HF और भैंस (b) केवल कुत्ता
(c) घोड़ा (d) हाथी।

**71. अनुपयोगी या वृद्ध गौवंश के संबंध में समाज को क्या मुख्य संकल्प लेना चाहिए?**
(a) उसे खुले में छोड़ना
(b) उसे कसाई (कोचिया) को न बेचना
(c) उसे जंगल भेजना
(d) उसे दान करना।

**72. गायों के चारागाह (गोचर भूमि) के संबंध में पाठ्यपुस्तक के अनुसार क्या नागरिक कर्तव्य है?**
(a) उस पर भवन बनाना (b) उसे खेती हेतु काटना
(c) उस पर कब्जा न करना और न करने देना
(d) उस पर पार्किंग बनाना।

**73. स्वदेशी की शुरुआत भारतीय दर्शन के अनुसार कहाँ से होनी चाहिए?**
(a) केवल बाजार से (b) केवल स्कूल से
(c) विदेश से (d) स्वयं से, घर से और अभी से।

**74. पंचगव्य से गाय, गाय से किसान और किसान से गाँव की यात्रा का अंतिम लक्ष्य क्या है?**
(a) आत्मनिर्भर प्रदेश और भारत देश
(b) केवल दूध बेचना (c) ट्रैक्टर खरीदना
(d) शहर बसना।

**75. 'गावो विश्वस्य मातरः' सूक्त का दार्शनिक अर्थ क्या है?**
(a) गाय गाँव की माता है (b) गाय संपूर्ण विश्व की माता है
(c) गाय केवल किसान की माता है
(d) गाय पशुओं की माता है।

**76. भविष्य पुराण के अनुसार, गौ माता के मस्तक में किस विशिष्ट शक्ति का वास माना गया है?**
(a) ब्रह्मा जी (b) साक्षात् धर्म(c) इन्द्र देव (c) सूर्य।

**77. देशी गाय की आँखों में किस मानवीय और दिव्य भाव की झलक देखी जाती है?**
(a) क्रोध (b) उदासीनता
(c) करुणा और प्यार (d) केवल चपलता।

**78. जीवामृत निर्माण में गुड़ का उपयोग किस वैज्ञानिक उद्देश्य हेतु किया जाता है?**
(a) मिठास बढ़ाने हेतु
(b) सूक्ष्मजीवों के लिए त्वरित ऊर्जा और पोषण हेतु
(c) रंग बदलने हेतु (d) घोल को सुरक्षित रखने हेतु।

**79. 'स्वदेशी गौ आधारित कृषि' का बहिष्कार किए जाने वाले किस तत्व के विरुद्ध एक अभियान है?**
(a) देशी खाद (b) हाथ की जुताई
(c) विदेशी रासायनिक खाद एवं कीटनाशक
(d) वर्षा जल।

**80. गौ माता के शरीर में कुल कितने करोड़ देवी–देवताओं का आध्यात्मिक वास माना जाता है?**
(a) 10 करोड़ (b) 50 करोड़ (c) 1 करोड़ (d) 33 करोड़।

**81. अग्निहोत्र हवन हेतु किस धातु के पात्र (बर्तन) का उपयोग विज्ञान सम्मत बताया गया है?**
(a) लोहा (b) स्टील
(c) एल्युमिनियम (d) ताँबा (Copper)।

**82. महारानी अहिल्याबाई ने अपने पुत्र को किस अपराध हेतु 'रथ के पहिये' के नीचे कुचलने का दंड दिया था?**
(a) चोरी (b) राजद्रोह
(c) असत्य भाषण (d) बछड़े की हत्या।

**83. केंचुओं को 'प्राकृतिक हलवाहा' क्यों कहा जाता है?**
(a) क्योंकि वे हल खींचते हैं
(b) क्योंकि वे मिट्टी को पोली और छिद्रयुक्त बनाते हैं
(c) क्योंकि वे फसल खाते हैं
(d) क्योंकि वे जल संचित करते हैं।

**84. 'जीवामृत प्रकार–1' तैयार करने हेतु मुख्य तरल घटक क्या है?**
(a) केवल पानी (b) केवल दूध
(c) गोमूत्र और जल का मिश्रण (d) फलों का रस।

**85. गोबर से बने 'प्राकृतिक पेंट' का मुख्य लाभ रासायनिक पेंट की तुलना में क्या है?**
(a) यह बहुत महँगा है
(b) यह एंटी–बैक्टीरियल और थर्मल इंसुलेटिंग है
(c) यह जल्दी खराब होता है (d) इसमें प्लास्टिक होता है।

**86. भारतीय गाय की नस्ल 'साहीवाल' मुख्य रूप से किन राज्यों में अपनी दुग्ध क्षमता हेतु प्रसिद्ध है?**
(a) केरल और तमिलनाडु
(b) पंजाब, हरियाणा और राजस्थान
(c) असम और मेघालय (d) गोवा।

**87. गौ–विज्ञान परीक्षा का मुख्य ध्येय विद्यार्थियों में किस भाव का जागरण करना है?**
(a) केवल रट्टा मारना (b) मशीनीकरण का प्रेम
(c) गौ–वंश आधारित आत्मनिर्भर जीवन शैली
(d) विदेशी उत्पादों का मोह।

**88. 'पंचगव्य' के अंतर्गत आने वाला वह कौन–सा पदार्थ है जो रक्त की शुद्धि में सहायक माना गया है?**
(a) केवल घी (b) गोमूत्र (c) केवल दूध (d) शक्कर।

**89. किस मुगल बादशाह के 'वसीयतनामे' में गौ–वध न करने की विशेष सलाह दी गई थी?**
(a) औरंगजेब (b) हुमायूँ
(c) बाबर (d) बहादुर शाह जफर।

**90. भारतीय कृषि को 'शून्य लागत' की ओर ले जाने वाला मुख्य अवयव क्या है?**
(a) ट्रैक्टर (b) विदेशी बीज
(c) स्थानीय गौवंश और उसके उत्पाद (d) बड़ी नहरें।

**91. जेनेटिकली मॉडिफाइड फसलों के विरुद्ध 'गौ–आधारित कृषि' क्यों आवश्यक है?**
(a) क्योंकि GM फसलें महँगी हैं
(b) क्योंकि GM फसलें जैव–विविधता और स्वास्थ्य हेतु संकट हैं
(c) क्योंकि GM फसलें उगाने में समय लगता है
(d) क्योंकि GM फसलें केवल विदेशों में होती हैं।

**92. 'जल संरक्षण' के लिए मेढ़बन्दी (Bunds) करने का मुख्य लाभ क्या है?**
(a) मिट्टी बह जाना
(b) भू–जल स्तर का संवर्धन और उपजाऊ मिट्टी की सुरक्षा
(c) खरपतवार में वृद्धि (d) सिंचाई में कठिनाई।

**93. दूध निकालने से पूर्व बछड़े को दूध पिलाने की प्राचीन भारतीय परंपरा क्या कहलाती है?**
(a) स्नेह दोहन (b) वत्सविलाप
(c) गो–चोरी (d) अनुचित दोहन।

**94. गौशालाओं को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने का सबसे प्रभावी माध्यम क्या है?**
(a) केवल दान पर निर्भरता
(b) पंचगव्य उत्पादों का निर्माण और जैविक कृषि केंद्र
(c) मशीनों का विक्रय
(d) विदेशी सांडों का पालन।

**95. समाज में छुआछूत और भेदभाव मिटाने का 'गौ–आधारित' विचार क्या है?**
(a) सामाजिक समरसता (b) आर्थिक प्रगति
(c) राजनैतिक चर्चा (d) व्यक्तिगत कार्य।

**96. 'गोबर की राख' (Bhasma) का प्रयोग कृषि में किस रूप में किया जा सकता है?**
(a) केवल सजावट हेतु
(b) सूक्ष्म पोषक तत्वों की पूर्ति और कीट नियंत्रण हेतु
(c) केवल वजन बढ़ाने हेतु
(d) खरपतवार बढ़ाने हेतु।

**97. वायुमंडल में ऑक्सीजन की प्रचुरता हेतु घर में कौन–सा अनुष्ठान दैनिक रूप से श्रेष्ठ है?**
(a) पंखा चलाना (b) कपूर जलाना
(c) गौ–घृत युक्त अग्निहोत्र हवन (d) परफ्यूम छिड़कना।

**98. देशी गाय के दूध में वसा (Fat) के कणों का आकार कैसा होता है जो उसे सुपाच्य बनाता है?**
(a) बहुत बड़ा
(b) बहुत छोटा (Small Globules)
(c) अंडाकार (d) अनियमित।

**99. किस धर्मग्रंथ में गाय को 'अदिति' (देवताओं की माता) के रूप में प्रतिष्ठित किया गया है?**
(a) कुरान (b) बाइबल (c) ऋग्वेद (d) अवेस्ता।

**100. 'गौ–वंश बचाओ–देश बचाओ' का नारा मुख्य रूप से किस पक्ष को पुष्ट करता है?**
(a) केवल पशु प्रेम (b) केवल धार्मिक पक्ष
(c) आर्थिक, सांस्कृतिक और पर्यावरणीय सुरक्षा
(d) केवल राजनैतिक पक्ष।

●●

This document was created with the Win2PDF “Print to PDF” printer available at

https://www.win2pdf.com

This version of Win2PDF 10 is for evaluation and non-commercial use only.
Visit https://www.win2pdf.com/trial/ for a 30 day trial license.

This page will not be added after purchasing Win2PDF.

https://www.win2pdf.com/purchase/